Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-11-2021 | अंक 68

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

## विषपान से युवक गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत राहुल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता धामु सिंह घंघरी बरकट्ठा निवासी ने विषपान कर लिया जिससे वह गंभीर हो गया। परिजनों ने उन्हें आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ से उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के कारण युवक ने विषपान किया।

## मुखिया बिनोद सिंह ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



कंबल वितरन करते मुखिया बिनोद सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण मुखिया सह प्रधान बिनोद सिंह ने प्रत्येक वर्ष की भाँती इस वर्ष भी अपने पंचायत के जरूरत मदों के बीच किया कंबल का वितरण। बिनोद सिंह ने बताया कि इस दौरान ग्राम चौपारण टोला तुरीया पट्टी, सिरकोनी, चमरगड्डा एवम ग्राम बिगहा के बलवानदी के जरूरतमंदों के बीच लगभग 150 कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि हम मुखिया बनने के बाद लगातार सरकार द्वारा उपलब्ध कंबल के अति. रिक्त जरूरमन्दों के बीच कंबल का वितरण करता हूँ । इस दौरान मसोमात जमनी, मसोमात प्रतिमा, अंजवा मसोमात, मूर्ति मसोमात, लखन भुइयां, मसोमात चमेली, मुचिराय मुंडा,जोनी मसोमात,विराज भुइयां, मसोमात सुमनी, सोबरन रविदास लखीराम मुंडा, सूंदर मुंडा, जोगन मुंडा, लखन मुंडा, फागु मुंडा, बालेश्वर मुंडा, महरु भुइयां, रामेश्वर भुइयां, गोरवा मसोमात ,गोविंद मुंडा, नेता मुंडा, सोहराय मुंडा,फागु मुंडा, बुधु मुंडा, बिरसा मुंडा, मारा मुंडा, सीताराम भुइयां, शिवकुमार भुइयां,राधे भुइयां, ठाकुर मुंडा सहित कई लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया।

# आज़ादी के सात दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं खोड़ाहर पंचायत के आदिवासी लोहरा टोली के लोग, पीएम आवास से वंचित

## एक चापानल एक साल से खराब, कुंवा में जमा बरसाती पानी पीने को मजबूर, नही लगी सोलर सिस्टम पेयजल आपूर्ति, स्थानीय मुखिया के खिलाफ गहरी नराजगी, बुजुर्गो को नही मिल रहा है पेंशन

**अपेम लाइव : बरही**
**शिव शंकर लाल**



अपेम टीम को अपनी समस्या से अवगत कराते आदिवासी लोहार टोली के लोग

आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी यदि आदिवासी समुदाय के लोगो को शुद्ध पेयजल नही मिले, शिक्षा की व्यवस्था नही हो, पक्की सड़क नही हो। गरीबो को सरकार की ओर से आवास नही मिल पाए तो आप क्या कहेंगे। जिनके जिम्मे इनके विकास की जिम्मेदारी है क्या सचमुच में उन्होंने अपनी दायित्व का निर्वहन ठीक से किया । नही किया। मुखिया हो या अन्य जनप्रति निधि । सभी ने आदिवासियों को केवल छलने का काम किया है। यही कारण है कि मुखिया के खिलाफ जनता का आक्रोश देखा जा रहा है ।

हम आज़ादी का अमृत उत्सव मना रहे हैं। हम विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। लेकिन क्या विकास उन लोगों तक पहुंच पाया। जिन्हें आज जिनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यदि इसमे नही कहा जाय, तो तनिक भी अतिशयोक्ति नही होगी। क्योंकि आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी अब तक आदिवासी समुदाय के विकास के लिए सरकारी स्तर पर योजनाएं तो बनी, लेकिन उसका लाभ आदिवासियों तक नही पहुंच पाया। इसका जीता जागता उदाहरण है। बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत के लो. हराटोली। जहां आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी मुहल्ले को पक्की सड़क से नही जोडा जा सका है। आज भी लोग कच्ची रास्ते से ही आना जाना करते हैं। बरसात में आना जाना काफी फजीहत भरी होती है। रविवार को तीन सदस्यीय अपेम टीम इस गांव का दौरा कर ग्रामीणों से उनकी मूलभूत समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवास लोहरा समुदाय से हमलोग आते हैं। हमलोगों की आबादी लगभग 100 के करीब है। लेकिन हमलोगों हमेशा उपेक्षित रखा गया है। पक्की सड़क तो नसीब नही हुआ। पेयजल आपूर्ति की भी व्यवस्था नही की गई है। मु. हल्ले में एक चापानल है जो कम पानी देता है। दूसरा एक साल से खराब पड़ा है। मुखिया का कोई ध्यान नही है। हम सब मजबूरन छोटा चुवाँ से बरसाती पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस टोले में आंग. नबाड़ी केंद्र नही है। जबकि इस टोले में 20 बच्चे हैं जो आंगनबाड़ी सुविधा से वंचित है। यहां एक मिनी आँगन बाडी केंद्र की जरूरत है। कई बुजुर्ग हैं। जिनको वृद्धावस्था या विधवा पेंशन नही मिल पा रहा है। कई ऐसे लोग हैं। जिनका राशन कार्ड नही है। ग्रामीणों ने इस टोले में कई लोगों का राशन कार्ड नही हो बन पाने की भी बात कही। राशन कार्ड नही बन पाने के वजह से आयुष्मान कार्ड भो नही बन पाया है। जिसके वजह से 500000 रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ भी नही मिल पा रहा है। इस टोले में एक छोटा तालाब भी है। जिससे लिफ्ट इरिगेशन लगवाकर सिचाई को व्यवस्था किया जा सकता है। स्थानीय मुखिया एव अन्य जन प्रतिनिधियों के प्रति गहरी नाराजगी एवं गुस्सा दिखा। हालांकि अभावों के बीच देखा गया कि इस टोले के लोग शिक्षा के प्रति काफी संजीदा हैं। अपने बच्चो की पढ़ाई पर पूरा ध्यान देते हैं। पर पूरा मौके पर अपेम अध्यक्ष कृ ष्णा प्रजापति, अपेम संरक्षक ड० विजय कुमार, शिव शंकर लाल, टिकेंद्र लोहरा, जितेंद्र लोहरा, आकाश लोहरा, लक्ष्मी देवी, कर्मी, सोनिया मसोमात सहित कई लोग मौजूद रहे।



एक साल से खराब पडा चापानल



इसी बरसाती कुएं से पानी पीते हैं लोहरा टोली के लोग



एडी टोप्पो( सीओ)

इधर पूरे मामले के बारे में जानकारी बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को मिलने के बाद कहा कि जल्द ही लोहरा टोली का विजिट कर उनके समस्या के समाधान के लिए पहल करेंगे। आजादी के सात दशक बाद भी आदिवासी समुदाय के लोग मुलभूत सुविधाओं से वंवित हैं। यह खेदजनक है। लेकिन अब उनहे सुविधाएं मिलेगी।

# मुंबई में यूथ आइकॉन ऑफ़ झारखंड सम्मान से नवाज़े गए बरही के संजय मेहता, पद्म श्री जनो के हाथों मुंबई में किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही के सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता को भगवान बिरसा मुंडा यूथ आइकॉन ऑफ़ झारखंड सम्मान से नवाज़ा गया है। यह सम्मान उन्हें देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पद्मश्री मधु मंसूरी, पद्म श्री छूटनी देवी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसीएशन के कार्यकारी समिति एवं केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के सदस्य रहे जोग सिंह के हाथों प्रदान किया गया। 26 नवंबर 2021 को मुंबई के बोरीवली स्थित प्रबोधानकर ठाकरे सभागार में झारखंड के 21 वर्ष पूरे होने पर एक सम्मान समारोह झारखंड इंटेलेक्चुअल फ़ोरम के बैनर तले आयोजित किया गया। इसी सम्मान समारोह में उन्हें दर्जनों प्रतिष्ठित ख्यातिप्राप्त व्यक्तित्व के समक्ष यह सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में झारखंड के चुनिंदा विशिष्ट व्यक्तित्व को अपने - अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणी में अलग - अलग सम्मान दिया गया। संजय मेहता को ल०कडाउन के दौरान अतुल्य एवं उल्लेखनीय कार्य एवं ग्रामीण, आदिवासी समाज के विषयों पर प्रशंसनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि संजय मेहता ने अपने टीम के प्रयास से ल०क डाउन के दौरान 292 मज़दूरों को फ़्लाइट से घर तक भेजा था। जिसमें सभी पहली बार फ़्लाइट बैठने वाले मज़दूर थे। इन मज़दूरों को मुंबई, दिल्ली,राजस्थान, गोवा समेत देश के अन्य हिस्सों से झारखंड, बिहार और उड़ीसा के अलग अलग क्षेत्रों में गंतव्य तक भेजा था।

**पंचायती राज एवं ग्रामीण जनजातीय जीवन पर कर रहे हैं रिसर्च**

संजय मेहता ने मास कम्यूनिकेशन में पीजी की शिक्षा हासिल करने के बाद एलएलबी की शिक्षा हासिल की है. वर्तमान में वे पंचायती राज एवं ग्रामीण जनजातीय जीवन पर रिसर्च कर रहे हैं। इन्हें पूर्व में नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। संजय मेहता झारखंड के हज़ारीबाग़ ज़िले अंतर्गत बरही के निवासी हैं। सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में भारत रत्न रतन टाटा के सचिव योगेश जोशी, मुंबई नॉर्थ के सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक प्रवीण दरेकर, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी, राँची की महापौर आशा लकड़ा, मोंगिया टीएमटी के सीएमडी गुणवंत सिंह मोंगिया, बॉलीवुड के कलाकार पुनीत इस्सार, आईएएस रचित राज समेत कई प्रतिष्ठित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

संजय मेहता 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में सबसे कम उम्र के प्रत्याशी रहे हैं। संजय मेहता को सम्मान मिलने के बाद से लगातार बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा की यह सम्मान मैं झारखंड के अमर शहीदों के चरणों में समर्पित करता हूँ।



सम्मानित होते संजय मेहता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 28-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

## विधायक ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ किया बैठक, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड विधायक कक्ष में विधायक ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक किया। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा किया गया। वहीं बरही गया रोड के वरिष्ठ समाजसेवी क्षत्रु राणा ने काँग्रेस के कार्यो से प्रभावित होकर काँग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने उन्हें माला पहनाकर अपने पार्टी में स्वागत किया। मोके पर बरही विधानसभा के प्रतिनिधि विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, तोखन रविदास, रुस्तम अली, उप प्रमुख सिकंदर राणा, हरि गुप्ता, बासुदेव यादव, गाजो यादव, मनोहर यादव, अमित जयसवाल,सुनील साव, तौकिर रजा, कुणाल कतरियार, प्रमोद सिंह, नरेश सिंह, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, यमुना यादव, बासुदेव यादव, मीना देवी, अशोक सिंह, कोनरा मुखिया मो ताजुद्दीन, सुशील केशरी एवं पप्पू ठाकुर मौजूद थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से 15 सड़कों का होगा कायाकल्प

### विकास मामले में बड़कागांव विधान सभा को झारखंड में प्रथम लाना मेरा लक्ष्य : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागॉव विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव रू बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी तथा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न सड़कों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से कई सड़कों का कायाकल्प होने जा रहा है। विधायक की अनुशंसा पर उपायुक्त के निद. शानुसार ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा सभी योजनाओं का स्थल निरीक्षण एवं सड़क की नापी कर ली गई है,जल्द ही डीपीआर तैयार करके योजना की तकनीकी स्वीकृति मिल जाएगी एवं सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे झारखंड में बड़कागांव विधानसभा को विकास के मामले में सबसे ऊपर लाना मेरा लक्ष्य है।क्षेत्र मे स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सु. निश्चित किया जा रहा है। जिन सड़कों का डीपीआर बनाया जा रहा उनमें बड़कागांव प्रखंड के सोमवार बाजार से आंगों तक, महूगाईकला अंबाजीत कोनी मोड़ से आजाद नगर होते हुए हाहे तक, कांडतरी पंचायत के ग्राम महूदी से शिव मंदिर अंबा टोला होते हुए भुईया टोली तक, ग्राम कानोदा से मिर्जापुर तक,आंगों उरेज मुख्य पथ होते हुए शुक्रवार बाजार तक,गोंदलपूरा ग्राम कौंसी सेहदा होते हुए राउतपारा तक, बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से राजू महतो के खेत तक,बड़कागांव जीडीएम चौक से बनिया टोली होते हुए टैक्सी स्टैंड तक, तलसवार लोदर गेदा करम महतो के खेत के पास करमाटांड़ होते हुए तलशवार बस्ती मांडर मुख्य पथ तक, ग्राम जुगरा से असनाटाँड़ तक,चंदौल मस्जिद के सामने से रामचंद्र पासवान के घर तक , पोटगा पंचायत के जामुन टोला से पारगड़ा तक,केरेडारी प्रखंड के बारीयातु पंचायत में प्रदीप गोस्वामी के घर से नदी होते हुए श्मशान घाट तक ,बारीयातु में जगदीश राणा के घर से बाबूलाल ठाकुर के घर होते हुए रामेश्वर राम के घर तक,पचड्डा के ग्राम सिझूवा से बड़की नदी पुल तक पथ निर्माण शामिल है। इस अवसर पर बड़कागांव कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, केरेडारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, सुरेश महतो, संजय महतो, शमशेर आलम, शेख अब्दुल्ला, अहमदुल्लाह, मो. हम्मद दिलदार अंसारी, चंदन गुप्ता, हाजी तबस्सुम बालेश्वर साव, तनवीर आलम,नीरोज करमाली, श्याम भार्गव, प्रदुम साव,युनूस अंसारी,समेत कई लोगों ने हर्ष व्यक्त कर विधायक का आभार प्रकट किया।

## अंबेडकर युवा क्लब टूर्नामेंट पर सौंदाडीह ने जमाया कब्जा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम

बड़कागांव प्रखंड के सिंदूवारी के चिरवा खेल मैदान में अंबेडकर युवा क्लब टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को सौंदाडीह बनाम इतीज के बीच खेला गया। जिसमें सौंदाडीह ने इतिज को एक गोल से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। बता दें कि इस खेल में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट में विजेता, उपविजेता एवं तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे टीमों को बकरा, शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मैच के मुख्य अतिथि डाडी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह उप. स्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक दोनों का विकास होता है और मैं हमेशा खेल को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करता हूं और करता रहूंगा आगे उन्होंने कहा की खेल को खेल के नजरिए से खेलना चाहिए। खेल में एक टीम को हार एवं जीत का सामना करना पड़ता है हारने वाली टीम को कभी निराश नहीं होना चाहिए उन्हें अपने खेल पर गर्व होना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार, निर्मल राम, अनुज राम, मनोज विश्वकर्मा, राजेश रजक टूर्नामेंट का आयोजन करता अजय दास, प्रमोद दास, राहुल कुमार, रूपेश कुमार टिकेश्वर कुमार, ललन कुमार, नंद किशोर कुमार, सूरज कुमार सज्जन कुमार, उपेंद्र कुमार चंदन कुमार, रोहित कुमार, मोहम्मद शाहिद, बादल कुमार, श्रावण कुमार, वही रेफरी अशोक राम के अलावा सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---29.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---दशमी तिथि
दिन :---सोमवार
नक्षत्र :---उ.फ़ा. नक्षत्र
योग :---प्रीति
करण :---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:43
सूर्यास्त : संध्या 05:17
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---सिंह राशि में
आज का राहूकाल प्रातः ---07:30 बजे से प्रातः---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मन शांत रहता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## जमीन विवाद में दूध मुंहे बच्चे का हत्या का आरोप, चंदवारा थाना में मामला दर्ज, छः लोग नामजद



बच्चे की शोक मे डुबी माँ

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब गांव में जमीन विवाद के एक मामले ने दूध मुंहे बच्चे की जान लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर चंदवारा थाना में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। थाने में दिये गए आवेदन में ढाब निवासी व मृतक के चाचा रामदेव यादव पिता स्व सोबरन यादव ने कहा है कि शनिवार की सुबह लगभग तीन बजे मेरे ही गाँव ढाब के अनिल यादव व मुन्ना यादव दोनों के पिता टुकन यादव,संदीप यादव,आनंद यादव दोनों के पिता नारायण यादव,मनोज यादव,अशोक यादव दोनों के पिता स्व गिरधारी यादव सभी मेरे घर में घुस गए तथा मेरी भाभी के साथ बालात्कार करने का प्रयास करने लगे। उनके गोद मे तीन माह का बच्चा था जिसे उनलोगों ने मार दिया। हल्ला करने पर घर के सभी लोग इकट्ठा हुवे। जिसे देख पास में रखे पुआल के माचा में आग लगा कर कहने लगे कि आज पूरा परिवार को जला कर मार देना है। इतना कहकर सभी भाग गए। घटना के बाद शनिवार को मृतक के परिजनों ने बच्चे का डांस करते हुए जमीन में दफन कर दिया। जिससे रविवार को प्रशासन के आदेश पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव तथा चंदवारा थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह ने शव को जमीन से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। इधर पुलिस मामले को गंभीरता से जांच करने में जुड़ गई है।



बच्चे की फाइल फोटो

## बरकट्ठा में विहिप का बैठक सम्पन्न




विहिप की बैठक मे उपस्थित लोग

**अपेम लाइव : बरकटठ्ा**
**मानव राज सिंह**

स्थानीय शिवमंदिर डाकडिह बरकट्ठा में विहिप संयोजक विनोद प्रसाद की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना एवं अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाहन करना। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मिथलेश श्रीवास्तव, आदित्य नारायण सिंह, रामचंद्र चौधरी, सत्यम कुमार, भारती, राजकुमार मंडल ,मुकेश कुमार, संजय कुमार साव यादि उपस्थित थे।

## तापीन साउथ परियोजना विस्तारिकरण के लिए पहुँचे सीसीएल के अधिकारी’

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**



स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी

चरही तापिन साऊथ कोलियरी के नए परियोजना विस्तारीकरण को लेकर सीसीएल के कुछ अधिकारी फुसरी पहुंचे। जहां पर सीसीएल तापिन साऊथ के परियोजना पदा. धिकारी खान प्रबंधक तथा सर्वेयर ने स्थान का जायजा लिया। सीसीएल अधिक. ारियों के साथ यहां के रैयत तथा अन्य ग्रामीण भी इनके साथ मौके पर मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सबसे पहले सीसीएल अधिकारियों द्वारा झरना नदी को नए परियोजना के विस्तारीकरण से पहले दूसरे रास्ते से एक अन्य नदी जो कि कजरी से होकर गुजरती है उस में मिलाने की बात की जा रही है और इसके लिए सभी अधिकारियों द्वारा इस का सर्वेक्षण भी किया गया। इस झरना नदी को कजरी नदी से मिलाने तक में लगभग 15 एकड़ 55 डिसमिल भूमि का इस्तेमाल किया जाएगा। जिस पर बहुत जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाने को है। इसके अलावा एक अन्य जानकारी के अनुसार नए परियोजना जो कि इस कोलियरी के लिए बहुत बड़ी परियोजना होने वाली है जो कि 2 लाख 50000 टन की परियोजना होने को है उस पर भी जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। बता दें कि इस कोलियरी को लेकर यहां के ग्रामीणों के द्वारा काफी लंबा संघर्ष के बाद खोला गया है जिसके बाद आज यह मौका आया है जब एक बड़ा रोजगार का विकल्प इन ग्रामीणों को प्राप्त हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा फुसरी के अध्यक्ष राम किशोर मुर्मू, रैयत विस्थापित मोर्चा के सचिव मन्नू टुडू, जगदीश मांझी, पोर्बास टुडू, बोबी करीम, मो आशिक, गणेश मांझी, अशोक उराँव सहित अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## महंत फलाहारी बाबा से आशीर्वाद लेने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**



महंत फलाहारी बाबा से आशीर्वाद लेते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

बिगहा स्थित हनुमत सेवा संस्था द्वारा संचालित हनुमान मंदिर तथा राजा गण स्थित मां गढ़ काली मंदिर में मत्था टेकने तथा इस पवित्र स्थल पर निवास करने वाले महंत फलाहारी बाबा से मिलने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। इस दौरान मंदिरों में पूजा के बाद उन्होंने महंत फलाहारी बाबा के समक्ष काफी समय बिताया। महंत फलाहारी बाबा ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को अपनी ओर से आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि साधू सन्यासियों के दर्शन से ही जीवन के अनेक कार्य सक्षम हो जाते हैं। बताया कि फलाहारी बाबा त्याग के प्रतिमूर्ति हैं। आज के समय में प्रभु भक्ति का इनसे बेहतर उदाहरण कोई नहीं है। बिना अनाज का सेवन किए सालों से ईश भक्ति में जुटे ऐसे महंत के दर्शन से ही अनेक संकट दूर हो जाते हैं। ऐसे में हमारा यह क्षेत्र काफी भाग्यवान है कि महंत यहां निवास कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ प्रभात सिंह , किशोर राना, प्रकाश साहू, भूपेंद्र यादव सहित कई अन्य मौजूद थे। वही मंदिर संस्थान द्वारा भी अतिथियों का स्वागत किया गया।

APEM
LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर









## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of “Saraswati Puja” with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से




## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, **शुभ दीपावली**



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अपना नाम वोटर लिस्ट में जोड़वाने के लिए बी एल ओ से ग्रामीण करें सम्पर्क : बीडीओ

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य के स्पेशल कैम्प में दर्जनों बूथों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह


निरीक्षण करते बीडीओ

जिन मतदाताओं का उम्र एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूरा होने वाला है वे अपना नाम मतदाता सूची से जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त बूथ लेवल अफसरों से जा कर अपना नाम मतदाता सूची से जुड़वा लें।उक्त बाते रविवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य के स्पेशल कैम्प के औचक निरीक्षण के दौरान बी डी ओ हुलास महतो ने कहा।श्री महतो ने रविवार को निरीक्षण के दौरान बी एल ओ को निर्देश दिया कि जिनका एक जनवरी को 18 वर्ष उम्र पूरा हो रहा है उनका नाम सूची से न छूटना चाहिए।बी डी ओ बक. चुम्बा, खिरगड़ा, कैंडी नगर, सहित दर्जनों बूथों का निरीक्षण किए।

## बीमार बिरहोरीन के सुध लेने पहुंचे कान्हाचट्टी बीडीओ

### कृषि कार्य से जुड़कर अपनी तरक्की की इबादत लिख रहे हैं बिरहोर : बी डीओ

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह


बिरहोर परिवार से बात करते बीडीओ

अब बिरहोरों की दिनचर्या धीरे धीरे बदलते नजर आ रहा है लेकिन बस उनको प्रेरित करने की जरूरत है।और उन्हें प्रेरित करने के लिए रविवार को बी डी ओ हुलास महतो बक्चुम्बा पंचायत के बिरेखाप गांव पहुंच कर दो दिन पूर्व एकाएक बीमार पड़ी थी सोनू बिरहोर की पतोहू की तबियत का सुध लेने बिरेखाप पहुंचे और बीमार बिरहोरीन की सुध लिए।बताते चलें कि दो दिन पूर्व सोनू बिरहोर की पतोहू का एकाएक तबियत खराब हो गया था जिसे एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया था जिसका सुध लेने बी डी ओ पहुंचे और हाल चाल जाना। मौके पर बिरहोर परिवारों ने बी डी ओ से कृषि कार्य के लिए कूप की मांग किया ताकि सिचाई की सुविधा उपलब्ध हो सके। मुनियाँ बिरहोरीन ने बी डी ओ से खेती बारी को बढ़ावा देने के लिए कुआं बनवाने की मांग की।जिसके बाद बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि बिरहोर परिवार कृषि कार्य मे अब रुचि लेने लगे हैं जिन्हें इनके मांग पर मन. रेगा से कुआं बनवाने पर विचार किया जाएगा।और जल्द कूप का लाभ बिरहोरों को देकर इन्हें बेहतर कृषि कार्य के लिए प्रेरित किया जाएगा। मौके पर कई लोग उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ में आजसू का सक्रिय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्मेलन

### कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होना जरूरी : मनोज चंद्रा

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी



आजसू के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विकास राणा

राजनीति में नेतृत्व क्षमता का विकास करने की जरूरत है। कार्यकर्ता अपने हक और अधिकार को समझें और अपने आप को समय के अनुसार अपग्रेड करें। लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालक आम जनता है। आम जनता एवं कार्यकर्ता के माध्यम से विधायिका को शक्ति हासिल होती है। ये बातें आजसू के केन्द्रीय महासचिव मनोज चंद्रा ने रविवार को विष्णुगढ़ में आयोजित पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। कहा कि नेतृत्व. कर्ता के गुण का उन्नयन कर आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें। जिलाध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य संगठन को मजबूत करना और राज्य में पार्टी का शासन स्थापित करना है। हमें अन्य पार्टियों से हटकर अपनी पहचान बनानी होगी। कहा कि राजनीति में दो विचारधारा के लोग होते हैं। सकारात्मक विचारधारा के विपरित नकारात्मक विचारधारा में सक्रिय विरोधी और निष्क्रिय विरोधी तत्व शामिल हैं। हमें नकारात्मक विचारधारा वाले लोगों से मिलकर हृदय परिवर्तन कराने की जरूरत है। मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए युवाओं के अलावा म. हिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की जरूरत है। झारखंड के खनिज संपदा के दोहन को रोकने और हक और अधिकार की लड़ाई के लिए आजसू एकमात्र विकल्प है। केंद्रीय सचिव परमेश्वर महतो ने कहा कि पार्टी ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है। इसकी अस्मिता की रक्षा करना पार्टी का कर्तव्य है। संगठन का विस. तार करते हुए सदैव क्रियाशील रहें। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल ने किया। मौके पर रामेश्वर महतो, महादेव महतो, लीलो महतो, दीपू अकेला, हरिश पटेल, सरयू पटेल, अनंतलाल महतो, अशोक गुप्ता, लक्की कुमार, रुपेन्द्र महतो, सुरेश कुशवाहा, प्रदुमन साव, बा. लेश्वर महतो, शांति देवी, सुमन कुमारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा के स्वागत में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

### मेरा लक्ष्य है की कार्यकर्ता संगठित नीति सिद्धांत के आधार पर कार्य करेंगे : अनिल मिश्रा

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार


अनिल मिश्रा के स्वागत में शामिल भाजपाई

नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा बरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा के स्वागत में भा. जपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अम्बेडकर चौक बड़कागांव में अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अनिल मिश्रा बड़कागाँव के निवासी होने के साथ साथ हर दिल अजीज है। श्री मिश्रा पूर्व मण्डल अध्यक्ष व पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष के पद पर रहकर पार्टी को मजबूत किया था। श्री मिश्रा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत होने से बड़कागांव तथा केरेडारी मण्डल के कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अनिल मिश्रा ने कहा कि अपने पैतृक मण्डल में कार्यकर्ताओं के द्वारा इस तरह स्वागत करने से मन अभिभूत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह सहित सभी नेताओ का आभार प्रगट करता हूं। आगे श्री मिश्रा ने कहा कि हमारा एक ही लच्छ्य होगा कि कार्यकर्ता संगठित रहकर पार्टी की नीति सिद्धात के आधार पर कार्य करे। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से महामंत्री सुमन गिरी, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामचंद्र महतो, सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि श्री वेतन साव, जिला किसान मोर्चा महामंत्री बैजनाथ कुमार साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेश साव, मंत्री विनोद कुमार, उपाध्यक्ष मोहन साव, किशोर राणा, त्रिवेणी महतो, महावीर भुईया, अल्पसंख्यक सदस्य रफीक अंसारी, हेमराज यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य पूर्व अवध किशोर यादव, प्रेम साव, युवा मोर्चा महामंत्री रमनेश मिश्रा, अवध किशोर मिश्रा, कृष्ण कुमार साव, टिकन भूईया, ओबीसी मोर्चा तिलानाथ साव, रवि दांगी एवं दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरनी सड़क हादसे में एक युवक की मौत


मृतक युवक

अपेम लाइव :
बिरनी/गिरिडीह
सब्बा अहमद


इस खड़ी ट्रक में बाइक सवार मारी टक्कर

बिरनी प्रखंड के बिराजपुर में रविवार को लगभग पाँच बजे सुबह को बिरनी प्रखंड के सरिया रा. जधनवार मुख्य मार्ग बिराजपुर चौक के पहले से खराब खड़ा ट्रक संख्या CG 01 mq 2164 में एक मोटरसाइकिल जिसका संख्या J H 11F 3272 द्वारा जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गया मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राजकुमार वर्मा 22 वर्षये पिता सुरेश वर्मा दलिया निवासी बताया गया।जो बंगलुरु में कार्य करते थे यह पिता के बड़े पुत्र थे अभी पढ़ाई कर रहे थे इसी क्रम में वह शनिवार को सरिया गया था, और रात में नीमाटाड गांव में दोस्त के यहां रुका गया यहले सुबह पांच बजे वह अपने घर वापस आ रहे थे। इसी बीच यह घटना घटी थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह के द्वारा बताया गया है। मृतक के मां द्वारा आवेदन दिया गया है जिस पर एफ आई आर दर्ज कर लिया गया है। और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया है आने पर परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है

## चरही ने चनारो को 3-1 से पराजित किया

अपेम लाइव : चुरचू
अरविन्द टुडू


खिलाड़ियो के साथ अतिथिगण

बाबा साहेब वैचारिक मंच के तत्वाधान में चरही बिरसा फूटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। संचालन दिनेश भुइयां व मुकेश भुइयां ने किया। उदघाटन जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति , प्रमुख अनुश्री देवी, उपप्रमुख चोलेश्वर महतो, चरही उपमुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से फूटब०ल किक मारकर मैच का शुभारंभ किया। पहला उदघाटन मैच चरही बनाम चनारो के बीच खेला गया जिसमें चरही ने चनारो को 3-1 से परा. जित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुरारी सिंह, अ०ल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन, समा. जसेवी बासदेव करमाली, झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, ललिता देवी, किशुन महतो, दिनेश्वर रविदास, दिनेश भुइयां, मुकेश भुइयां, विजय भुइयां, अमजद अंसारी, रामचरण करमाली, सबीना खातून ,ललिता देवी, सतेंद्र सिंह ,प्रदीप भुइयां, जुगेश्वर महतो, नर्सिंग राय सहित अन्य लोग शामिल थे।